# GOVERNMENT DEGREE COLLEGE THEOG, SHIMLA-171201 HIMACHAL PRADESH

## COMBINED ANNUAL TRAINING CAMP

Under the aegis of 7 HP Independent Company NCC Shimla, under the guidance of Commanding Officer Colonel DR Gargi, Combined Annual NCC Training Camp was organized at Government Modern senior Secondary School, Karsog.
The first Phase of this training camp i.e. CATC- 224





was organized from 1st July to 10th July and the second phase ie CATC- 225 was organized from 12th July to 21st July.

In the first phase, 547 registered NCC cadets from Shimla, Solan and Mandi districts and in the second phase about 550 registered NCC cadets were given military training.

Many competitions were also organized in the camp, in which drill competition, guard mounting

# खेल–खेल में सिखाई लीडरशिप मैनेजमेंट

## करसोग स्कूल में एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान करवाई खेलकूद प्रतियोगिताएं

**कार्यालय संवाददाता-करसोग**



सात एचपी (आई) कंपनी राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) शिमला के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी के निर्देशन में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में चल रहे एनसीसी के 21 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में कैडेट्स को नियमित पीटीए फायरिंग टेस्ट, मैप रीडिंग, ड्रिल व खेलकूद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को कैडेट्स ने वालीबाल, बैटमिंटन, कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। 10 जुलाई से शुरू हुए इस संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप में अभी पहली शिफ्ट में आए 547 कैडेट्स को 11 जुलाई तक प्रशिक्षण देना जारी रहेगा, जबकि दूसरी शिफ्ट में 11 से 21 जुलाई तक शेष कैडेट एनसीसी कैंप में प्रशिक्षण से लाभान्वित होंगे। कमांडिंग ऑफिसर व कैंप कमांडेंट कर्नल डीआर गार्गी ने कैडेट्स को अनुशासन, चरित्र निर्माण, मित्रता भाव, नेतृत्व व साहसिक कार्य के निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवाए समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। कर्नल गार्गी ने कहा कि शिक्षा के साथ शारीरिक विकास व मानसिक विकास के लिए खेलकूद भी जरूरी है। कर्नल गार्गी के निर्देशन में कैडेट्स ने खेलों में खूब पसीना बहाया। वालीबाल खेल प्रतियोगिता में कोटशेरा कालेज और संजौली कालेज शिमला के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कमलेश कुमार इस वालीबाल खेल के रैफरी रहे।

कमांडिंग ऑफिसर कर्नल गार्गी ने सभी कैडेट्स की खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उन्हें शाबाशी दी और कहा कि जीवन में खेलकूद बहुत ही जरूरी हैं और युवाओं को खेलकूद से जोड़ना चाहिए, क्योंकि खेलकूद युवाओं को नशाखोरी की आदतों से दूर रखते हैं और उनमें शारीरिक बल के साथ उन्हें जीवन में सफल इनसान भी बनाते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रशिक्षण इंस्ट्रक्टर उपस्थिति रहे।

# करसोग में एनसीसी कैडेट्स ने सीखा गोली चलाना

## कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी की देखरेख में कैडेट्स ले रहे प्रशिक्षण

**कार्यालय संववाददाता-करसोग**



इन दिनों जिला मंडी के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग सात एचपी (आई) कंपनी एनसीसी शिमला के कैडेट्स की चहलकदमी व कदमताल से गुलज़ार हो गया है।

कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी के नेतृत्व में सात एचपी (आई) कंपनी एनसीसी शिमला की ओर से संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप का शुभारंभ कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी द्वारा 11 जुलाई को विधिवत रूप से किया गया। यह कैंप दो शिफ्टों में 11 से 21 जुलाई तक रहेगा। कैंप के चौथे दिन अन्य सैन्य प्रशिक्षण के अलावा 547 कैडेट्स ने दक्षता के गुर सीखने के साथ बंदूक चलाने, बंदूक खोलने व जोड़ने और बंदूक निरीक्षण से लेकर निशाना साधना सीखा। इसके साथ ही कैडेट्स को रक्षा से जुड़ी गतिविधियों पर प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा विशेष प्रेक्टिकल और पढ़ाई–लिखाई भी करवाई जा रही है। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी कैडेट्स को दी जा रहा प्रशिक्षण और सुविधाओं को स्वयं जायजा व निरीक्षण कर रहे हैं कि कहीं किसी भी कैडेट और जवान को असुविधा न हो।

कर्नल गार्गी कैडेट्स से कहा कि समाज में आपका व्यवहार सबसे भिन्न और विशिष्ट होना चाहिए और प्रशिक्षण के दौरान सिखाई हुई बातों को जीवन में उतारने से ही एनसीसी पाठ्यक्रम व प्रशिक्षण कैंप सफल होता है। कर्नल गार्गी ने बताया कि कैंप के पांचवें और छठे दिन कैडेट्स को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरण के लिए कैडेट्स द्वारा पौधारोपण भी किया जाएगा।

competition, firing competition, folk dance competition, group song competition and volleyball competition, basketball competition etc. were organized.

In which our NCC cadets performed excellently and got the college second in dance, first in group song, second in firing, second in basketball and first in women's volleyball.And on the last day of the camp cadets awarded by CO sir.









शिविर | करसोग में चल रहे प्रदेश स्तरीय एनसीसी कैंप में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी ने किया सम्मानित

# 40 एनसीसी कैडेट्स को मिली प्रोमोशन

**कार्यालय संवाददाता-करसोग**

सेवन एचपी (आई) कंपनी राष्ट्रीय कैडेट कोर शिमला के तत्त्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी के दिशा-निर्देश में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में संयुक्त वार्षिक ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी ने सैन्य.ट्रेनिंग मिलने के बाद एनसीसी कैडेट्स का क्वार्टर ड्रिल टेस्ट लिया। क्वार्टर ड्रिल टेस्ट में कैडेट्स की कुशलता को जांचने परखने के बाद कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीआर गार्गी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले चालीस कैडेट्स को एनसीसी में अल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा जैसे रैंक देकर सम्मानित व पदोन्नत किया। ये चालीस एनसीसी कैडेट कोटशहरा कालेज शिमला, संजौली कालेज शिमला, सेंट बेड्स कालेज शिमला, ठियोग कालेज, सुन्नी कालेज, शिमला नर्सिंग कालेज और एपीजी शिमला विश्वविद्यालय से आते हैं। एनसीसी में आरंभ में सभी भर्ती छात्रों को कैडेट्स ही कहा जाता है। उसके बाद कैडेट को एनसीसी ट्रेनिंग कैंपों में बेहतर प्रदर्शन करने पर उनकी कार्य कुशलता के आधार पर अन्य रैंक जैसे कंपनी सीनियर अंडर ऑफिसर, सीनियर अंडर ऑफिसर व अंडर ऑफिसर के रैंक दिए जाते हैं। कर्नल डीआर गार्गी ने कैडेट्स का टेस्ट लेने के बाद कैडेट्स को बताया कि फोर्सेज कोई भी हो चाहे एनसीसी ड्रिल सबसे महत्त्वपूर्ण भाग होता है, उससे ही एक सैनिक के गुण विकसित होते हैं। इसके साथ ही अनुशासन के साथ कर्त्तव्य निष्ठा, राष्ट्र भक्ति का जज्बा पैदा होता है। कर्नल गार्गी ने क्वार्टर ड्रिल पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को बताया कि किसी भी आर्म्ड फोर्सेज की यूनिट में जब कोई भी सेना की टुकड़ी कहीं पर भी कैंप लगाती है या लोकेशन बनाती है तो उसके कैंप गेट पर एक क्वार्टर गार्ड बनाया जाता है, उसमें छह से एक कमांडर और छह से आठ की सैन्य टुकड़ी होती है जो सेरेमोनियल गार्ड के तौर पर जब भी कोई अति महत्वपूर्ण व्यक्ति उस समारोह में शिरकत करता है या कमांडिंग ऑफिसर या कोई उच्च अधिकारी आता है तो उन्हें सलामी देते हैं।

इसको क्वार्टर गार्ड कहते हैं। कर्नल गार्गी ने क्वार्टर गार्ड में बेहतर प्रदर्शन करने पर सभी कैडेट्स की कंपनियों को शाबासी देते है, उन्हें प्रेरित किया कि नए भर्ती एनसीसी कैडेट्स और अपने जूनियर कैडेट्स को भी क्वार्टर गार्ड के महत्त्व और ट्रेन करें, ताकि आगे सेना में जाने के लिए अपनी कुशलता का बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें।